आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 13.08.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर देश भर में हर घर तिरंगा रैलियां आयोजित की गईं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली में तिरंगा बाइक रैली को झंडी दिखाई।
- राज्य मंत्रीमण्डल ने अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ को नगर निगम बनाने की मंजूरी दी।
- प्रदेश सरकार, सशस्त्र बलों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण 129 छात्र–छात्राओं को सम्मानित करेगी।
- हरिद्वार में हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित किया जाएगा।

हर घर तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर देश भर में हर घर तिरंगा रैलियां आयोजित की जा रही हैं। देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए हर घर तिरंगा अभियान 15 अगस्त तक पूरे देश में चलाया जा रहा है। सरकार ने लोगों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करने का आग्रह किया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज सुबह नई दिल्ली के भारत मंडपम से हर घर तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभा को संबोधित करते हुए श्री धनखड ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान अब एक आंदोलन बन गया है।

उपराष्ट्रपति धनखड ने कहा कि हर घर तिरंगा देश की स्वतंत्रता, गौरव और विकसित भारत के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि तिरंगा देश का गर्व है, जो देश को एक सूत्र में बांधता है

हर घर तिरंगा प्रदेश

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आज हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। ऊधमसिंह नगर जिले के अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज के छात्रों ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकाल कर समाज को देश भक्ति के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों ने रम्पुरा, प्रीत विहार, लोकविहार होते हुए दिल्ली–नैनीताल मुख्य मार्ग पर रैली निकाली। यात्रा में चार सौ छात्रों ने हिस्सा लिया।

उधर, बागेश्वर में हर घर तिरंगा यात्रा के तहत जिले के अनेक स्थानों में रैली निकाली गई। गरुड़, कपकोट, कांडा, काफलीगैर, दुगनाकुरी और उप तहसील शामा के स्कूल, कालेज सहित विभिन्न स्थानों पर पूरे दिन आज देशभक्ति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वहीं, अल्मोड़ा के शिखर तिराहा के पास आज शहीद चौक में देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पार्कों में स्वच्छता अभियान चलाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर हर घर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत चंपावत जिले के विभिन्न स्थानों में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिले की सीमावर्ती क्षेत्रों में सशस्त्र सीमा बल की पांचवी वाहिनी द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा रैली निकली गई व झण्डे वितरित किए गए।

## मंत्रीमण्डल बैठक

राज्य मंत्रीमण्डल ने अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ को नगर निगम बनाने की मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में देहरादून में आयोजित मंत्रीमण्डल की बैठक में नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा और नगर पालिका परिषद पिथौरागढ़ को उच्चीकृत कर नगर निगम बनाने की स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने राज्य के हर जिले में वृद्ध और अशक्त आवास गृह के निर्माण को भी मंजूरी दे दी है। साथ ही समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत देहरादून के रायवाला में 50 वृद्धजनों की क्षमता वाले नवनिर्मित वृद्ध व अशक्त आवास गृह के संचालन के लिए कुल 7 पदों को सृजित किया जाएगा। कैबिनेट ने देहरादून के सेलाकुई स्थित सगंध पौधा केंद्र में फील्ड सहायक, मास्टर ट्रेनर के 9 अस्थाई पदों की स्वीकृत करने पर भी मुहर लगाई है।

मंत्रीमण्डल की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के तहत हरिद्वार जिले की भगवानपुर मंडी को प्रधान मंडी बनाया जाएगा। बैठक में शहरी विकास विभाग के तहत नगर पालिका परिषद रामनगर के सीमा विस्तार को भी मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने पंचकेदार–पंचबद्री को उत्तराखंड पर्यटन युनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल करने के लिए संस्थान के चयन को भी मंजूरी दी है। साथ ही कोटद्वार में नवीन केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए प्रस्तावित भूमि का निशुल्क आवंटन करने का निर्णय लिया गया है।

## ट्रायल प्रतियोगिता

चमोली जिले में मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के तहत खेल स्टेडियम गोपेश्वर में जिला स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकासखंड जोशीमठ, नन्दानगर व दशोली और नगर पालिका जोशीमठ के 69 बालक और 52 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के तहत आठ से चौदह वर्ष के आयु वर्ग में 25 बालक और 25 बालिकाओं सहित जिले से कुल 150 बालक और 150 बालिका खिलाड़ियों को 15 सौ रुपये प्रति माह छात्रवृत्ति स्वीकृत के लिए चयन प्रक्रिया गतिमान है।

## सम्मान

राज्य सरकार, सशस्त्र बलों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण 129 छात्र–छात्राओं को सम्मानित करेगी। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग की विशेष आर्थिक सहायता योजना के तहत सरकार ने 64 लाख पचार हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक चयनित अभ्यर्थी को आर्थिक सहयोग के तौर पर 50–50 हजार रुपए की राशि दी जाएगी।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग और आर्म्ड फोर्सेस की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रदेश के युवाओं को प्रोत्साहित करने लिए सरकार ने विशेष आर्थिक सहायता योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में सशस्त्र बल की विभिन्न परीक्षाओं में चयनित युवाओं को सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। जल्द ही इसका शासनादेश जारी कर दिया जाएगा।

## तहसील दिवस

हरिद्वार में हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित किया जाएगा। तहसील दिवस के आयोजन का समय पूर्वाह्न दस बजे से दोपहर एक बजे तक होगा। इसमें अनिवार्य रूप से संबंधित क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार और खंड विकास अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

## सेवा पदक

स्वतंत्रता दिवस पर विशिष्ट कार्यों के लिए पौड़ी जिले के रिखणीखाल के थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल को सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने आज इसकी घोषणा की। संतोष पैथवाल को पूर्व में भी थानाध्यक्ष सतपुली के पद पर रहते हुए सामाजिक और सराहनीय उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया जा चुका है। संतोष पैथवाल ने पौड़ी में रहते हुए अपनी कार्य कुशलता से लाखों की ठगी करने वाले साइबर अपराधियों को बाहरी राज्यों मिजोरम और तमिलनाडु से गिरफ्तार किया। चारधाम यात्रा के साथ ही कोरोना काल में भी संतोष पैथवाल को सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया।

## परामर्श जारी

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी निजी सैटेलाईट टेलिविजन चैनलों को परामर्श जारी करके कहा है कि वे आपदाओं और दुर्घटनाओं के वीडियो तारीख के साथ दिखाएं। परामर्श में कहा गया है कि जब भी कोई प्राकृतिक आपदा आती है तब टेलिविजन चौनल कई दिनों तक लगातार ये खबरें चलाते हैं लेकिन बार–बार दुर्घटना वाले दिन के दृश्य ही दिखाते रहते हैं। इससे अनावश्यक रूप से भ्रम की स्थिति पैदा होती है और दर्शकों में घबराहट होने लगती है। टेलिविजन चौनलों को यह सुनिश्चित करने की भी सलाह दी गई है कि ऐसे दृश्यों को दिखाते हुए सबसे ऊपर तारीख और समय का उल्लेख किया जाए ताकि दर्शकों को किसी भी तरह की गलतफहमी न हो।

## विरोध प्रदर्शन

पश्चिम बंगाल में, कोलकाता के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के बाद राज्य में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल और विरोध प्रदर्शन जारी है। कोलकाता की घटना के विरोध में ऋषिकेश में भी डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया। घटना की सीबीआई जांच की मांग को लेकर ऑल इंडिया मेडिकल साइंस एसोसिएशन ने एम्स ऋषिकेश से त्रिवेणी घाट तक प्रदर्शन किया। इस दौरान ऋषिकेश एम्स के रेजिडेंट डॉक्टरों नेघटना के विरोध में शांति मार्च निकाला और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

## आदर्श सौर ग्राम

प्रधानमंत्री–सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर ग्राम बनाया जाएगा। सरकार ने इस योजना के अंतर्गत आदर्श सौर ग्राम योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने कहा है कि इसके लिए कुल 800 करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं। इस योजना के अंतर्गत गांव की आबादी पांच हजार और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए दो हजार से अधिक होनी चाहिए।